प्रेसनोट

थाना–धौलाना **दिनांक 30.05.2021**

एक युवक की सोशल मीडिया पर अपने हाथों में पिस्टल लिये हुए फोटो वायरल हुई, जिसमें थाना धौलाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फोटो वायरल करने वाले युवक को खिलौना पिस्टल सहित हिरासत में लिया गया है।

कार्यवाहीः–

एक युवक की सोशल मीडिया पर पिस्टल अपने हाथों में लेकर फोटो वायरल हुई जिसका श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संज्ञान लिया गया एवं सम्बन्धित को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

थाना धौलाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वायरल फोटो की जांच की गई तो वायरल फोटो खालिद पुत्र शकील निवासी खिचरा का होना प्रकाश में आया जिसको हिरासत में लिया गया है, जिससे वायरल फोटो में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई है, यह पिस्टल खिलौना टाइप पिस्टल है।

आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

हिरासत में लिये गये युवक का नाम व पताः–

1–खालिद पुत्र शकील निवासी ग्राम खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड।

नोटः–

जनपद हापुड पुलिस समस्त युवाओं से अपील करती है कि सोशल मीडिया पर औचित्यहीन लोकप्रियता पाने के लिये कोई भी विधि विरूद्ध कृत्य न करें, जिसका समाज एवं अन्य युवाओं पर गलत प्रभाव पडे।